ENERGY FOR EVER

इरेडा IREDA

ONCE IREDA ALWAYS IREDA

(A Navratna CPSE)

प्रेस विज्ञप्ति

इरेडा की पहली तिमाही परिणाम: 32% राजस्व वृद्धि, शुद्ध लाभ 30% बढ़ा

भुवनेश्वर, 12 जुलाई 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के लिए अपने लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। देश में सबसे बड़ी विशुद्ध ग्रीन फाइनेंसिंग एनबीएफसी के रूप में, इरेडा ने केवल 12 दिनों के भीतर अपने लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों को प्रकाशित करके एक नया उद्योग मानक प्राप्त किया। यह ऐतिहासिक परिणाम इरेडा को बैंकिंग और एनबीएफसी जगत में तुरंत परिणाम घोषित करने और लेखापरीक्षित परिणामों का सबसे तेज़ प्रकाशन हासिल करने वाला पहला केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) भी बनाता है ।

इरेडा ने 383.69 करोड़ रुपये का कर पश्चात लाभ अर्जित किया है, जोकि वर्ष-दर-वर्ष 30.25% की प्रभावशाली वृद्धि के बारे में दर्शाता है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में अपनी शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों को वित्तीय वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही के 1.61% से सफलतापूर्वक घटाकर 0.95% कर दिया है।

ओडिशा के भुवनेश्वर में आज आयोजित एक बैठक के दौरान, इरेडा के निदेशक मंडल ने कंपनी के असाधारण प्रदर्शन और निरंतर वृद्धि की सराहना की, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के लिए लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। 30 जून 2024 के अनुसार कंपनी की नेटवर्थ 6,290.40 करोड़ रुपये से बढ़कर 9,110.19 करोड़ रुपये हो गई है, जोकि सालाना आधार पर 44.83% की वृद्धि दर्शाती है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही की तुलना में वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के लिए मुख्य वित्तीय उपलब्धियां इस प्रकार हैं:

- **कर पश्चात लाभ**: 294.58 करोड़ रुपये की तुलना में 383.69 करोड़ रुपये (30.25% की वृद्धि)
- **परिचालन से राजस्व:** 1,143.50 करोड़ रुपये की तुलना में 1,510.71 करोड़ रुपये (32.11% की वृद्धि)
- **ऋण संस्वीकृति:** 1,892.45 करोड़ रुपये की तुलना में 9,210.22 करोड़ रुपये (386.68% की वृद्धि)
- **ऋण संवितरण**: 3,173.27 करोड़ रुपये की तुलना में 5,325.88 करोड़ रुपये (67.84% की वृद्धि)

• **ऋण बुक**: 3,173.27 करोड़ रुपये की तुलना में 63,206.78 करोड़ रुपये 47,206.66 करोड़ (33.89% की वृद्धि)
• **नेटवर्थ**: 6,290.40 करोड़ रुपये की तुलना में 9,110.19 करोड़ रुपये (44.83% की वृद्धि)
• **नेट एनपीए**: 1.61% की तुलना में 0.95% (प्रतिशत के संदर्भ में 41.01% की कमी)

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने उल्लेखनीय वित्तीय परिणामों पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने भारत में अक्षय ऊर्जा समाधानों को अपनाने में तेजी लाने के लिए इरेडा की दृढ़ प्रतिबद्धता पर बल दिया, जोकि निवेशकों और हितधारकों के लिए एक आशाजनक प्रगतिपथ का संकेत देता है।

इरेडा के सीएमडी ने कंपनी की इस वृद्धि का श्रेय हितधारकों के अटूट विश्वास और समर्थन को दिया। उन्होंने माननीय केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, उपभोक्ता मामले और खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री, श्री प्रहलाद जोशी और माननीय विद्युत एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री, श्री श्रीपद नाइक; एमएनआरई के सचिव और इरेडा के निदेशक मंडल को उनके महत्वपूर्ण समर्थन और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने इरेडा की टीम को उनके समर्पण और लगातार प्रयासों के लिए भी सराहना की, जिसने इस उत्कृष्ट वित्तीय प्रदर्शन के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया।